केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 15 शनिवार 3 अगस्त 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### विद्यार्थी विज्ञान मंथन की विवरणिका का विमोचन



संवाददाता– गोरखपुर। सरस्वती शिशु मंदिर (102) पक्कीबाग गोरखपुर में विज्ञान भारती द्वारा संचालित विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थी विज्ञान मंथन की विवरणिका 2024 का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विज्ञान भारती के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ योगेंद्र कोहली ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी व विज्ञान शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉक्टर योगेंद्र कोहली ने कहा कि विद्यार्थी विज्ञान मंथन देश का सबसे बड़ा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है जो विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में कुछ नया करने का अवसर प्रदान करता है। विद्यार्थी विज्ञान मंथन के माध्यम से विद्यार्थी देश की सर्वोच्च वैज्ञानिक संस्थानों में यात्रा करने तथा अपनी प्रतिभा को दिखाने के लिए तैयार किए जाते हैं।

### सर्पदंश से युवक की मौत

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। सोनहा थानाक्षेत्र के कोठिला गांव में सर्पदंश से एक युवक मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। गांव निवासी रामनाथ निषाद (22) पुत्र चन्नू बुधवार की रात भोजन के बाद कमरे में जाकर सो गया। बताया जा रहा है कि रात करीब 12 बजे विषैला सांप उसके बिस्तर पर चढ़ गया। सांप ने रामनाथ के पैर में दो बार डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन रात करीब तीन बजे जिला अस्पताल लेकर गए। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद रामनाथ को मृत घोषित कर दिया। रामनाथ की शादी बीते 23 अप्रैल को हुई थी। वह गुरुवार शाम को रोजी–रोटी की तलाश में मुम्बई जाने वाला था।

### सरयू में स्नान करने गया कावड़ यात्री लापता

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। लालगंज थाना क्षेत्र के साहूपार , महसों निवासी दीनानाथ पुत्र राम प्रसाद ने लालगंज पुलिस को तहरीर देकर यह बताया कि उनका लड़का अजय कुमार पुत्र दीनानाथ गुरूवार को सुबह बाइक से अपने सात – आठ मित्रों के साथ अयोध्या जल भरने के लिए गया था , जिसका शुक्रवार शाम तक कुछ पता नहीं चल सका । जानकारी के अनुसार अजय अपने कुछ मित्रों के साथ बृहस्पतिवार को कावड़ यात्रा में सरयू जल भरने के लिए अयोध्या गया हुआ था बृहस्पतिवार रात लगभग 9रू30 बजे अजय तथा उसके साथी सरयू स्नान के लिए नए घाट पर गए जहां अजय के मित्र सब स्नान के लिए चले गए और अजय कपड़े वा सामान की देखभाल के लिए घाट पर ही रुक गया उसके मित्र जब स्नान करके सभी आ गए तो अजय सरयू स्नान के लिए गया उसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चला । कुछ देर इंतजार करने के बाद अजय के मित्र अजय को ढूंढने लगे , काफी देर ढूंढने के बाद भी जब अजय का पता नही चला तो अजय के साथ गए मित्रों ने परिजनों को फोन करके इस बात की जानकारी दी । जानकारी होने के बाद परिजन भी बस्ती से लेकर अयोध्या तक अजय के बारे में जानकारी करने में लग गए हैं । खबर लिखे जाने तक अजय के बारे में कुछ पता नहीं चल पाया था । अजय के पिता दीनानाथ पुत्र राम प्रसाद द्वारा महसों पुलिस चौकी पर तहरीर देकर गुमशुदगी की सूचना दिया गया है । पूरे परिवार का रो–रो कर बुरा हाल है । चौकी प्रभारी महसों अनस खान ने बताया कि प्रचार प्रसार कर जानकारी की जा रही है।

# क्या राहुल गांधी को गिरफ्तार करेगी ईडी.!



नई दिल्ली (आभा)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को दावा किया कि संसद में उनके 'चक्रव्यूह' वाले भाषण के बाद प्रवर्तन निदेशालय ईडी के जरिए उनके खिलाफ छापेमारी की योजना बनाई जा रही है। राहुल ने कहा कि वह खुली बांहों के साथ ईडी अधिकारियों का इंतजार कर रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने लिखा–जाहिर है, 2 में से 1 को मेरा चक्रव्यूह वाला भाषण अच्छा नहीं लगा। ईडी के अंदरूनी सूत्रों ने मुझे बताया है कि छापेमारी की तैयारी हो रही है। मैं ईडी का खुली बांहों से इंतजार कर रहा हूं। चाय और बिस्कुट मेरी तरफ से... इतना ही नहीं राहुल ने अपने इस पोस्ट में प्रवर्तन निदेशालय के आधिकारिक एक्स हैंडल को टैग भी किया है। राहुल के इस पोस्ट के बाद यह अटकलें लग रही हैं कि क्या राहुल गांधी के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय छापेमारी करेगा। क्या राहुल गिरफ्तार भी हो सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट अनिल सिंह श्रीनेत बताते हैं कि 2019 की बात है, जब राज्यसभा में भाजपा के पास बहुमत नहीं था। इसके बाद भी मोदी सरकार ने पीएमएलए में बदलाव के लिए इसे धन विधेयक की तरह पेश किया था। दरअसल, धन विधेयक को राज्यसभा में पेश नहीं करना पड़ता है। इसे सीधे राष्ट्रपति की मंजूरी लेकर लोकसभा में पेश किया जाता है और जहां बहुमत से पास होने के बाद यह कानून बन जाता है। उस वक्त विपक्ष ने इस मामले पर बहुत हंगामा मचाया था। विपक्ष का कहना था कि पीएमएलए में मनी बिल जैसी कोई बात नहीं है।

जानबूझकर इसे मनी बिल के तहत लोकसभा से पारित कराया गया, ताकि केंद्र की सत्तारूढ़ भाजपा सरकार इसका इस्तेमाल सियासी दुश्मनी को साधने में करना चाहती है। जब यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो उसने भी संशोधन को सही ठहराया।

## हादसों में 8 कावडिये घायल



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। जिले में अयोध्या–बस्ती फोरलेन पर हर्रैया व छावनी थानाक्षेत्र में अलग–अलग चार हादसों में आठ कांवड़िए घायल हो गए। हर्रैया के जिवधरपुर गांव के पास अयोध्या से जल भरकर भदेश्वरनाथ जा रहे बाइक सवार कांवड़ डिवाइडर से टकरा गए। हादसे में संतकबीरनगर के तीन कांवड़िए घायल हो गए। घायल अमित पुत्र रन बहादुर निवासी बेला कोतवाली संतकबीरनगर, विकास पांडेय पुत्र चंद्रभान व शिवम पांडेय पुत्र कैलाश निवासी कुरथिया थाना कोतवाली संतकबीरनगर को सीएचसी हर्रैया में भर्ती कराया गया।

शुक्रवार भोर में छावनी थाना के डुहवामिश्र गांव के पास कांवड़ियों की बाइक डिवाइडर से टकरा गई। घायल राम प्रकाश पुत्र शिवपूजन निवासी भरवलिया थाना लालगंज, आदर्श कुमार पांडेय पुत्र अनिल निवासी परसा थाना पैकोलिया को एनएचएआई की एंबुलेंस की मदद से सीएचसी हर्रैया भिजवाया गया। तीसरा हादसा हर्रैया थाना क्षेत्र के महूघाट में शुक्रवार की सुबह करीब छह बजे हुआ। हादसे में बाइक सवार सच्चिदानंद पुत्र रामकेवल निवासी परसा पैकोलिया व जीतेन्द्र सिंह पुत्र अम्बिका सिंह निवासी गौहनिया थाना हर्रैया घायल हुए, जिन्हें अस्पताल भेजा गया। महूघाट में ही शुक्रवार की भोर में अयोध्या से जल भरकर जलाभिषेक के लिए भदेश्वरनाथ जा रहे कावडियां डिवाइडर से टकराकर घायल हो गए। एनएचएआई की एंबुलेंस से घायल पवन पुत्र रामकरन निवासी बनकटी थाना लालगंज को सीएचसी हर्रैया में भर्ती कराया गया।

## मोहित हत्याकाण्ड में इल्हान गिरफ्तार

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। बहुचर्चित मोहित अपहरण व हत्याकांड में पुलिस टीम को मोस्ट वांटेड मुख्य अभियुक्त इल्हान को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। पुलिस कप्तान गोपालकृष्ण चौधरी ने बताया कि संयुक्त टीम ने हत्याकांड के 16वें अभियुक्त को कोतवाली थानाक्षेत्र के झलकटिया तिराहा के पास से दिन में तकरीबन साढ़े 10 बजे गिरफ्तार कर लिया है।

पकड़ा गया अभियुक्त इल्हान दरियाखां मोहल्ला निवासी काजी सफातुल्लाह का बेटा है। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ कर रह पीसी रिमांड के लिए अदालत में प्रार्थनापत्र दिया है। कोर्ट के आदेश दोपहर बाद उसे जेल भेज दिया गया। एसपी ने बताया कि मोहित हत्याकांड में अब तक सोलह की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि चार अन्य अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त से अब भी फरार है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

मोहित हत्याकांड के मुख्य अभियुक्त इल्हान ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि उसी ने मोहित की हत्या की थी उसके बाद साथियों के साथ चंगेरवा–पिपरागौतम गांव के बीच पीपल के पेड़ के पास कुआनो नदी में लाश फेंक कर फरार हो गया था।

एसएचओ विजय दुबे, स्वाट प्रभारी उमाशंकर तिवारी, एसओजी प्रभारी जनार्दन प्रसाद व सर्विलांस प्रभारी शशिकांत की टीम ने इल्हान की निशानदेही पर मोहित का एप्पल आईफोन बरामद कर लिया है।

शहर के पिकौरदत्तूराय मोहल्ले में एक मकान में किराए पर मोहित यादव रहता था। वह मूलरूप से लालगंज थानाक्षेत्र के सुकरौली गांव का रहने वाला था। 12 जुलाई 2024 की दोपहर में करीब एक बजे दो बाइक से पहुंचे आरोपितों ने उसका अपहरण कर पहले बाइक पर बैठाया। मेन सड़क पर पहुंचते ही उसे एक्सयूवी में लेकर लालगंज थानाक्षेत्र के छरौछा गांव के पास ले गए। वहीं मारा–पीटा।

# आस्था के जल से नहां गये भोलेनाथ हर तरफ बोल बम के जयकारे





–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। श्रावण त्रयोदशी पर शिवभक्तों ने अपने आराध्य देव महादेव का आस्था के जल से अभिषेक किया। अयोध्या से पावन सरयू नदी का जल भरकर नंगे पांव पहुंचे करीब पांच लाख कांवड़ियों ने भदेश्वरनाथ मंदिर समेत तिलकपुर, कड़र, भारीनाथ, बरवा, देवरिया आदि अनेक शिव मंदिरों पर जलाभिषेक किया। मंदिर का कपाट खुलने के बाद मध्यरात्रि गुरुवार से शुरू हुआ जलाभिषेक का सिलसिला शुक्रवार को जारी रहा। कांवड़िए शिवभक्ति में सराबोर नजर आए। बोलबम के जयकारे से इलाके गूंज उठे।

शहर के राणा प्रताप तिराहे से मंदिर तक करीब पांच किलोमीटर की कतार में झूमते–गाते कांवड़ियों को देखकर श्रद्धालु निहाल हुए। डीजे की धुन पर थिरकते कांवड़िए शिवभक्ति में पूरी तरह सराबोर नजर आए। आसपास के इलाके में भक्ति की बही रसधार में लोग नहाए नजर आए। महादेव के दरबार में हाजिरी लगाई और जलाभिषेक करके मन्नतें मांगी। कांवड़ यात्रा में बस्ती समेत संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, आबेडकरनगर से काफी

## –चप्पे–चप्पे पर कड़ी सुरक्षा, कैमरों से हुई निगरानी
## –आधी रात से ही चढने लगा जल, शाम तक जमे रहे श्रद्धालु

संख्या में कांवड़िए शामिल हुए। गोरखपुर से भी कांवड़िए भदेश्वरनाथ में जलाभिषेक करने आए थे।

आधी रात को बाबा भदेश्वरनाथ मंदिर का पट खुलते ही लाखो कांवड़ियों की लंबी कतार लग गई। कांवरियों के जलार्पण, भीड़ व कतार नियंत्रण, निगरानी के लिए पुलिस सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। कांवरियों की सुविधा के लिए प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए। रात से ही जलार्पण के लिए कांवरियों का तांता लगा रहा।

चाक–चौबंद सुरक्षा के बीच शिवभक्तों ने भोलेनाथ को जलार्पण किया ।पूरे कांवड़िया पथ में बोल बम और हर–हर महादेव के घोष की गूंज रही। केसरिया रंग के वस्त्र पहने कांवड़िया कांधे पर कांवर लेकर जयकारों के साथ चलते हुए पूरे वातावरण में श्रद्धा का रस घोलते रहे। पूरा मंदिर परिसर केसरियामय रहा। महिला–पुरुष और बच्चे सभी जलाभिषेक करने को तत्पर और उत्साहित दिखे।

लाखों की तादाद में उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की ओर से सुरक्षा की तगड़ी व्यवस्था की गई थी। इस मौके पर एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी स्वयं पल–पल की निगरानी करते रहे। परिसर में लगाए 50 सीसीटीवी व ड्रोन कैमरे से कंट्रोल रूम में सतत रूप से मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी तैनात रहे, ताकि किसी भी तरह की परेशानी को लेकर त्वरित कार्रवाई की जा सके।

गुरुवार की आधीरात से लेकर सुबह आठ बजे तक ही लगभग दो लाख से अधिक श्रद्धालु भक्तजनों के द्वारा मंदिर में जलाभिषेक कर पूजा–अर्चना की गई। यह सिलसिला दिनभर चलता रहा। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के साथ–साथ जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, पुलिस अधीक्षक गोपालकृष्ण चौधरी, एडीएम प्रतिपाल चौहान, एएसपी ओपी सिंह, एसडीएम शत्रुहन पाठक, सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी आदि अफसरों ने पहुंचकर पहले पूजा अर्चना की फिर स्थिति का जायजा लिया। श्रावण शिवरात्रि मेला को लेकर लगभग पांच सौ पुलिस बल की व्यवस्था के साथ–साथ दर्जन भर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी शिफ्ट के अनुसार अपने निर्धारित ड्यूटी स्थल पर जमे रहे। गर्भ गृह में महिला पुलिस की अलग से शिफ्टवार तैनाती की गई थी। चिकित्सा दल की भी तैनाती रही। सावन के महीने में भगवान शिव पर जलार्पण करने की काफी पुरानी परंपरा है। खासकर सावन में महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव पर जल अर्पण करना काफी शुभ और शीघ्र मनोकामना पूर्ण होने को लेकर फलदायी वाला दिन माना जाता है। शिवालयों पर मेले जैसे दृश्य रहा और बड़ी संख्या में कावड़ियों ने खरीदारी भी किया।

## दिल्ली का गुस्सा लखनऊ में क्यों उतार रहे हैं- अखिलेश यादव



लखनऊ (आभा)। समाजवादी पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में गुरुवार को सीएम योगी आदित्यनाथ के उस बयान पर सवाल पूछा है जिसमें योगी ने कहा था कि उन्हें यहां से ज्यादा प्रतिष्ठा मठ में मिल जाती है। अखिलेश ने शुक्रवार को सोशल साइट एक्स पर एक ट्वीट के जरिए सवाल पूछा है कि दिल्ली का गुस्सा लखनऊ में क्यों उतारा जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के कुछ बड़े नेताओं की खींचतान पर तंज करते हुए सपा के मुखिया अखिलेश ने पूछा है–ष्सवाल ये है कि इनकी प्रतिष्ठा को ठेस किसने पहुंचाई? कह रहे हैं सामने वालों से, पर बता रहे हैं पीछे वालों को। कोई है पीछे?

लोकसभा चुनाव 2024 में यूपी से भाजपा की सीटें घटने और सपा से भी नीचे रहने के बाद भाजपा नेताओं के बीच रस्साकशी पर अखिलेश रह–रहकर मजे ले रहे हैं। कुछ समय पहले उन्होंने बिना नाम लिए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को 100 लाओ, सरकार बनाओ का ऑफर दिया था। विधानसभा में बुधवार को सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने भी सीएम योगी से कहा था कि आपके डिप्टी सीएम आपको गच्चा देंगे। योगी ने इससे पहले विपक्ष के नए नेता माता प्रसाद पांडेय को बधाई देते हुए शिवपाल पर तंज कसा था कि चाचा को गच्चा दे दिया गया। इस पर शिवपाल ने योगी से कहा था कि तीन साल आपके साथ रहे तो आपने भी गच्चा दिया ।यूपी भाजपा की राजनीति में इस समय केशव प्रसाद मौर्य के बयान हलचल मचा रहे हैं।

## अधिवक्ता हत्याकाण्ड में सपा नेता समेत पांच गिरफ्तार



हरदोई (आभा)। हरदोई में अधिवक्ता हत्याकांड में पुलिस ने सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बीरेंद्र यादव उर्फ बीरे समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार देर रात पुलिस मुठभेड़ में एक शूटर को गोली लगी, जबकि बाकी को शुक्रवार सुबह उनके घरों से पकड़ा गया। प्रॉपर्टी को लेकर सुपारी देकर शूटरों से कत्ल कराया गया था। वरिष्ठ अधिवक्ता कनिष्क महरोत्रा की तीन दिन पहले हमलावरों ने घर में घुसकर हत्या कर दी थी। शुक्रवार को वारदात का खुलासा करते हुए एसपी नीरज जादौन ने बताया कि लखनऊ रोड पर सिनेमा चौराहे के पास कोठी खाली कराने के लिए हत्या कराई गई। उन्होंने बताया कि करीब 11 साल पहले बीरे यादव, सराय थोक पश्चिमी निवासी आदित्य भान सिंह, धर्मशाला रोड रफी अहमद चौराहा निवासी व्यापारी शिखर गुप्ता और लखनऊ रोड रामनगर कॉलोनी निवासी ठेकेदार नृपेंद्र त्रिपाठी ने मिलकर कोठी खरीदी थी।

कनिष्क शुरू से ही इस मकान में रह रहे थे। बताया जा रहा है कि चारों पार्टनरों ने कोठी को खाली कराने का प्रयास किया। कई बार कनिष्क को डराया–धमकाया लेकिन सफल नहीं हुए। इस पर चारों ने अधिवक्ता को रास्ते से हटाने का प्लान बनाया। एसपी के मुताबिक चारों ने चार लाख रुपये में शूटर रामू महावत से डील की। रामू ने अपने साथी जोगीपुर मजरा तत्यौरा निवासी रामसेवक उर्फ लल्ला, राजवीर और झरोइया के नीरज के साथ मिलकर घटना को अंजाम देने की योजना बनाई। मुवक्किल के बहाने घर में घुसे और कनिष्क को गोली से उड़ा दिया। एसपी ने बताया कि हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें लगाई गई थीं। गुरुवार देर रात नीरज को मुठभेड़ के बाद धर–दबोचा। उसके पैर में गोली लगी है। बीरे, शिखर, आदित्यभान और नृपेंद्र को उनके घरों से गिरफ्तार किया गया है। हत्याकांड में शामिल बाकी दो शूटरों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

## हाकी में भारत ने आस्ट्रेलिया को 3–2 से पराजित किया




नई दिल्ली (आभा)। भारतीय हॉकी टीम का शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया से सामना हुआ। क्वार्टर फाइनल से पहले हरमनप्रीत सिंह की टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 3–2 से हराया। इसी के साथ भारत ने क्वार्टर फाइनल से पहले जीत की पटरी पर वापसी कर ली है। दिलचस्प बात यह है कि भारत ने 52 साल बाद ओलंपिक के इतिहास में ऑस्ट्रेलिया को हराया है। इससे पहले 1972 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत दर्ज की थी।

शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में अभिषेक ने पहले क्वार्टर के 12वें मिनट में गोल किया और भारत ने 1–0 से बढ़त बनाई। हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर में 13वें मिनट में गोल कर दिया। इसी के साथ भारत 2–0 से आगे हो गया। दूसरे क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया का खाता खुला। 25वें मिनट में क्रैग थॉमस ने गोल किया और टीम का स्कोर 2–1 हो गया। 26वें मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे हरमनप्रीत सिंह ने बचाया। हाफ टाइम तक भारत 2–1 की बढ़त के साथ आगे था। तीसरे क्वार्टर में हरमनप्रीत सिंह ने 32वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक में गोल किया। इसी के साथ भारत 3–1 से आगे हो गया। तीन क्वार्टर के बाद भारत ने 3–1 से ऑस्ट्रेलिया पर बढ़त बनाए रखी। चौथे क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया के लिए ब्लैक गोवर्स ने 55वें मिनट में गोल किया और ऑस्ट्रेलिया को 3–2 की बढ़त दिलाई। इसी के साथ भारत ने जीत दर्ज की और क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

## प्लास्टिक मुक्त भारत का संकल्प लिया



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। युवा विकास समिति, बस्ती द्वारा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग पृथ्वी दिवस के अवसर पर श्प्लेनेट वर्सेस प्लास्टिकश की थीम पर प्लास्टिक मुक्त भारत कार्यक्रम का आयोजन यूपीएस हर्रैया में किया गया।

मुख्य अतिथि जल जीवन मिशन में टीम लीडर प्रशांत द्विवेदी नें कहा की पृथ्वी दिवस दुनिया भर के नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता के महत्व की याद दिलाता है। इस वर्ष पृथ्वी दिवस की थीम ग्रह बनाम प्लास्टिक जो भारत में प्लास्टिक मुक्त भारत रखा गया है। यह कार्यक्रम प्लास्टिक प्रदूषण के गम्भीर मुद्दे पर ध्यान आकर्षित करती है।

पर्यावरणविद सर्वेश त्रिपाठी ने प्लास्टिक मुक्त भारत की सफलता के लिये प्लास्टिक के दैनिक इस्तेमाल को कम करने तथा प्लास्टिक पदार्थ का निस्तारण कर रिसाईकिलिंग करने का सुझाव दिया। विशिष्ट अतिथि समन्वयक अर्जुन प्रजापति ने किचेन गार्डेन को बढ़ावा देने तथा जैविक खेती के द्वारा जमीन की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने व गांव के जल स्रोतो की सफाई करने पर विशेष बल दिया।

पृथ्वी दिवस के अवसर पर छात्र–छात्राओं द्वारा प्लास्टिक मुक्त भारत के बैनर तथा पृथ्वी दिवस से संबंधित नारों के साथ रैली निकाली गयी जिसमें स्थानीय लोग पर्यावरण से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

छात्र–छात्राओं द्वारा प्लास्टिक के कचरों को इक्ट्ठा कर डस्टबीन में एकत्रित किया गया तथा निकट भविष्य में प्रतिदिन प्लास्टिक कचरों को इक्ट्ठा करने की प्रतिज्ञा की। प्लास्टिक मुक्त भारत पर ड्राईंग कम्पटीशन, स्लोगन राईटिंग कम्पटीशन तथा निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्लास्टिक मुक्त भारत से संबंधित प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियो को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रशांत द्विवेदी द्वारा प्रमाण पत्र मोमेण्टम तथा अंगवस्त्रम् देकर प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर छायादार पेड़ों का रोपण किया गया।

इस मौके पर अरुण कुमार पाण्डेय, मंगेश दूबे, नारायण बी अय्यर, गोविन्द मिश्र, बृजेश शुक्ल, अनुराग श्रीवास्तव, विशाल पाण्डेय सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

# तार जोड़ने के विवाद में ग्रामीण की हत्या

**संवाददाता–गोण्डा।** व्यक्तिगत रूप से लगवाए लकड़ी के खंभे में तार जोड़ने को लेकर हुई कहासुनी को लेकर दबंग ने ग्रामीण को पीट–पीटकर लहूलुहान कर दिया। ग्रामीण की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज दिया है। घटना के पीड़ित परिवार में कोहराम मचा है। चिवरहा निवासी पाटनदीन ने थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उसके पिता से बिजली केबल जोड़ने को लेकर एक अगस्त को गांव के विनय कुमार पुत्र राजकुमार से कहा–सुनी हुई थी। आरोप है कि उसके पिता बृजपाल (44)गुरुवार को रात में बन्धे से अपने घर ध्आ रहे थे, तभी बन्धे के पास पहले से ही घात लगाये बैठे विपक्षी ने लोहे के धारदार हथियार से मारने लगे। तेज आवाज सुनकर मां टार्च लेकर दौड़ते हुए घटनास्थल की ओर दौड़ीं। उन्हें आता देखकर विपक्षी भाग निकले। शोर मचाने पर गांव के कुछ लोग मौके पर आये। आनन फानन ने घायल को सामुदायिक सस्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने जिला मुख्यालय स्थित मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान बृजपाल की मौत हो गई। थानाध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि मृतक के बेटे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# किशोरी से रेप का आरोपी फंदे पर लटका, मौत

**संवाददाता–गोण्डा।** स्थानीय थाना अंतर्गत ग्राम सभा सिसई पूरे गुलालपुर में राहुल (21 वर्ष) पुत्र भुलई ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसने अपने पीछे एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है। घटना के विषय में बताया जा रहा है कि एक वर्ष पूर्व राहुल ने निकट के ही एक ग्राम सभा की नाबालिग किशोरी के साथ प्रेम संबंध बना लिया था। कुछ दिन बाद वह किशोरी को लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए अपहृत किशोरी को बरामद करते हुए मेडिको लीगल कराकर परिजनों को हवाले कर दिया तथा राहुल को जेल भेज दिया गया था। उसके खिलाफ रेप व पास्को एक्ट की धाराएं तामील की गई थी। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि इस मुकदमे में युवक जमानत पर था। कुछ दिन से इस समय मुकदमे का ट्रायल चल रहा है जिसमें किशोरी ने आरोपी के खिलाफ बयान भी दिया था। इस वजह से युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी उसे सजा हो जाने का भय सता रहा था। उसने सुसाइड नोट में किशोरी के परिजनों पर आरोप लगाते हुए उनके ऊपर मुकदमा लिखने की बात लिखी है।

# मदरसे के छात्रावास में छात्र की चाकू मारकर हत्या



**संवाददाता–बलरामपुर।** तुलसीपुर इटवा चौराहा स्थित जामिया नर्ईमिया आवासीय मदरसा में संदिग्ध परिस्थितियों में शुक्रवार सुबह सात बजे छात्र का शव कमरे में बरामद हुआ। छात्रों ने कमरे में शव पड़ा देखकर शोर मचाया तो पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मदरसा शिक्षका व रूम मेट छात्रों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हत्या किसने और क्यों की इस बात का पता पुलिस को नहीं चल सका है। एसपी और फोरेंसिक टीम ने मामले की जांच की है। थाना कोतवाली जरवा के भगवानपुर निवासी 12 वर्षीय अयान ने इटवा चौराहा स्थित जामिया नर्ईमिया आवासीय मदरसा में कक्षा दो में एडमिशन करवाया था। इस मदरसे आवासीय संचालन की अनुमति नहीं मिली है। मदरसा में आवासीय संचालन फर्जी रूप से चल रहा है। अयान के भाई फरहान ने बताया कि बड़े भाई कमरा नम्बर 15 में सोता था। फरहान ने अयान को गुरुवार रात कमरा नम्बर 12 में सोने के लिए कहा था। उसके साथ इस्माइल, वकील रात में सोये थे। सुबह उठकर देखा कि किसी ने चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी थी। प्रबंधक अतहर फिरोज की सूचना पर पुलिस टीम मामले की पड़ताल करने आई। छात्रों ने बताया कि कमरे में कोई खून बिखरा नहीं था। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एसपी विकास कुमार व थानाध्यक्ष अशोक सिंह ने जांच पड़ताल शुरू की। जांच के लिए फोरेंसिक टीम बुलाई गई। छात्र की आंत बाहर पड़ी थी। पुलिस टीम ने कमरे को कब्जे में ले लिया, वहां किसी के आने–जाने पर रोक लगा दी गई। फरहान ने बताया कि कमरे की सिटकनी अंदर से बंद नहीं होती थी। फरहान ने अयान से कहा था कि वह कमरा नम्बर–12 में सो जाए। इसके बाद अयान कमरा नम्बर–12 में सो गया था। मदरसे में 276 बच्चे पंजीकृत हैं जिसमें 80 बच्चे आवासीय विद्यालय में रहते थे। कमरे में इस्माइल, वकील व फरहान मौजूद थे। घटना की जानकारी उन्हें सुबह हो पाई। पुलिस कुछ मदरसा शिक्षकों व छात्रों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मदरसे का सीसीटीवी कैमरा गुरुवार शाम 4रू30 बजे खराब हो गया था। शुक्रवार सुबह आठ बजे कैमरा अपने आप चलने लगा। पुलिस का मानना है कि मदरसा में ही किसी ने छात्र की हत्या की है। इस्माइल व वकील कुछ बताने को तैयार नहीं हैं। कमरे में खून फैला नहीं था। इससे प्रतीत होता है कि अयान का कत्ल कमरे में न करके किसी अन्यत्र स्थान पर किया गया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार व प्रभरी निरीक्षक अशोक सिंह ने मामले की जांच की है। एसपी का कहना है कि 24 घंटे के अन्दर कत्ल की घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# पुलिस लाइन परिसर में किया गया पौधरोपण

**संवाददाता–श्रावस्ती।** एसपी के नेतृत्व में शुक्रवार को पुलिस लाइन में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एसपी समेत अन्य पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने पौधरोपण किया। साथ ही पेड़ के महत्व बताए गए।

पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया व पुलिस लाइन के समस्त पुलिस कर्मियों ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर सहजन, साखू,अमरूद समेत अन्य प्रजातियों के 100 फलदार वृक्षों का रोपण किया। एसपी ने कहा कि वर्तमान में मानव जीवन पर पर्यावरण प्रदूषण सबसे बड़ा संकट बना हुआ है। ऐसे में आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण को अनुकूल बनाने में हर व्यक्ति को अपने आसपास एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। कहा कि मानव और पर्यावरण एक दूसरे के पूरक हैं। दिन प्रतिदिन पृथ्वी से वृक्षों की संख्या कम होने से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। हमारी बुरी आदतें जैसे बेवजह पानी बर्बाद करना, पॉलिथीन का प्रयोग करना, वृक्षों को काटना आदि से पर्यावरण प्रभावित हो रहा है। हमें पेड़ लगाकर उनकी सुरक्षा करनी चाहिए। इससे हमारा पर्यावरण संरक्षित होगा। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार, वाचक पुलिस अधीक्षक अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# छात्र हत्याकाण्ड में दोषियों के गिरफ्तारी की मांग, एसपी कार्यालय पर प्रदर्शन



**संवाददाता–देवरिया।** छात्र हत्याकांड में अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं होने पर आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने शुक्रवार को एसपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने बल प्रयोग कर कार्यालय से बाहर किया। इसके बाद परिजनों ने एसपी से मुलाकात कर गिरफ्तारी की मांग किया। भलुअनी थाना क्षेत्र के ग्राम पड़री गुर्राव निवासी आदर्श गुप्ता की हत्या बुधवार को चाकू से गोद कर दी गई थी। हत्याकांड के दो दिनों बाद भी अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इससे परिजनों में आक्रोश है। नाराज परिजनों ने हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शुक्रवार को एसपी कार्यालय पहुंचे और हंगामा करते हुए प्रदर्शन करने लगे। यह देख पुलिस ने लाठी भांज कर प्रदर्शन कर रहे लोगों को परिसर से बाहर खदेड़ा। इसके बाद परिवार के सदस्य सपा नेता धर्मवीर गुप्ता के साथ एसपी से मुलाकात किया। एसपी से अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग किया। उधर प्रदर्शनकारियों ने पुलिस द्वारा मारपीट करने का आरोप लगाया है।

# आशा व संगिनी से न लिया जाय हर घर जल योजना का कार्य

**संवाददाता–श्रावस्ती।** आशा व आशा संगिनी संघ की ओर से एसडीएम को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से आशा व आशा संगिनियों से हर घर जल योजना का कार्य न लिए जाने की की मांग की।

आशा व आशा संगिनी संघ जिला महामंत्री उमा मिश्रा की अगुवाई में शुक्रवार को इकौना तहसील में काम कर रही आशा व आशा संगिनी कार्यकत्रियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन इकौना एसडीएम ओम प्रकाश को ज्ञापन सौंपा। महामंत्री उमा मिश्रा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की ओर से जो भी दिशा निर्देश हम सभी आशाओं को दिया जाता है। उसका निष्ठा पूर्वक पूरी तन्मयता के साथ पूरा करती हैं। ग्रामीण इलाकों व नगरीय क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं को उनके घर से बुलाकर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जाती है। प्रसव पीड़िताओं को एंबुलेंस की मदद से स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचा कर प्रसव कराने का कार्य भी करती है व प्रसव के बाद जच्चा बच्चा को सुरक्षित पहुंचा कर कर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जाती है। टीकाकरण क्षेत्र में स्वास्थ्य कार्यकर्ता अहम भूमिका निभाती हैं। विभागीय कार्यों से समय नहीं मिलता है। ऐसे में अन्य विभाग के कार्य कर पाना संभव नहीं है। इसलिए हर घर जल जीवन मिशन से हम आशाओं को दूर रखा जाए। हम सभी आशा बहनों का शोषण न किया जाए। इस मौके पर आईसीसी एडवोकेट दिलीप कुमार शर्मा, ब्लाक अध्यक्ष किरण वर्मा, मीरा देवी, सुशीला, पूनम शुक्ला, राधा चौहान, कुसमावती, गीता देवी, सुमन सिंह, रेखा मिश्रा, गौरी मिश्रा, तुलसी मिश्रा, संगीता श्रीवास्तव, कमलेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रही।

# ई–रिक्शा चालकों का शहर में प्रदर्शन

**संवाददाता–बलरामपुर।** ई–रिक्शा संचालन का ठेका उठाए जाने व प्रतिदिन बीस रुपए की वसूली से नाराज ई–रिक्शा चालकों ने शुक्रवार को शहर में घूम–घूमकर प्रदर्शन किया। कई जगहों पर जाम की स्थिति बनी रही। चालकों ने ई–रिक्शा लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। वहीं ई–रिक्शा के हड़ताल से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

ई–रिक्शा चालकों ने शुक्रवार को गोंडा, तुलसीपुर व बहराइच रोड पर चक्का जाम कर प्रदर्शन किया। राजू, वारिस अली, सरफराज, महेश, डब्बू, दिलशाद आदि ई–रिक्शा चालकों ने नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपनी मांगों के समर्थन में ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ई–रिक्शा चालकों के चक्का जाम के कारण जगह–जगह जाम की समस्या उत्पन्न हो गई। इससे लोगों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# लोक संपत्ति क्षति निवारण एक्ट का वांछित गिरफ्तार

**संवाददाता–श्रावस्ती।** अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। शुक्रवार को हरदत्त नगर गिरंट थाने के थानाध्यक्ष शैलकान्त उपाध्याय टीम के साथ क्षेत्र में वांछितों की धरपकड़ के लिए भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान पुलिस टीम ने लोक संपत्ति क्षति निवारण एक्ट के वांछित आरोपी फरमान पुत्र नजरू निवासी मदारागढ़ी थाना मटेरा जनपद बहराइच को कमला तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को थाने लाकर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष के साथ उपनिरीक्षक जितेन्द्र राय, मुख्य आरक्षी प्रभुनाथ यादव शामिल रहे।

# राजस्व निरीक्षक को विजिलेंस की टीम ने 25 हजार की रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**संवाददाता–बहराइच।** मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र में तैनात राजस्व निरीक्षक को शुक्रवार दोपहर में विजिलेंस टीम ने घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद टीम उन्हें अपने साथ लेकर चली गई है। इससे राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया है। शुक्रवार को तहसील में राजस्व विभाग की मीटिंग चल रही थी। इसी दौरान राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार श्रीवास्तव के मोबाइल पर एक क्लाइंट का फोन आया। मीटिंग समाप्त होने के बाद राजस्व निरीक्षक अपने आवास चले गए। आवास पहुंचते ही वहां पर क्लाइंट ने राजस्व निरीक्षक को काम करवाने के लिए 25 हजार रूपये घूस दिया। घूस लेते ही अयोध्या विजिलेंस की टीम ने राजस्व निरीक्षक को गिरफ्तार कर लिया। संबंधित थाना क्षेत्र में सूचना देने के बाद विजिलेंस टीम राजस्व निरीक्षक को अपने साथ लेकर चली गई। मामले में तहसीलदार अंबिका चौधरी ने बताया कि राजस्व निरीक्षक मीटिंग के बाद घर गए इसके बाद अचानक क्या हुआ यह जानकारी नहीं है। हालांकि, कोतवाली नानपारा में विजिलेंस टीम राजस्व निरीक्षक से पूछताछ कर रही है।

# ढोंढरी व जमालीजोत पर बढ़ा कटान का खतरा

**संवाददाता–बलरामपुर।** जलस्तर बढ़ने के बाद राप्ती ने तेजी से कटान शुरू कर दी है। सदर तहसील के ढोंढरी व जमालीजोत गांव पर कटान का खतरा अधिक बढ़ गया है। पिछले वर्ष दो करोड़ की लागत से कटान को रोकने के लिए बनाया गया तटबंध लगातार नदी में समाता जा रहा है। नदी से गांव की दूरी मात्र 30 मीटर बची है। यदि कटान का यही हाल रहा तो दो दिनों में ढोंढरी एवं जमालीजोत गांव के दर्जनों घर नदी में समा जाएंगे। शुक्रवार को ढोंढरी व जमालीजोत गांव के दर्जनों लोगों ने सदर एसडीएम से मिलकर गांव को कटान से बचाने की गुहार लगाई है। राप्ती नदी तटवर्ती गांव पर हर साल कटान करके कहर बरबाती है। राप्ती के तट पर बसे गांव को हर साल कटान का दंश झेलना पड़ता है। सदर तहसील के एक दर्जन से अधिक गांव नदी के तट पर बसे हुए हैं। इन गांवों पर कटान का खतरा बढ़ा हुआ है। इस बार बरसात शुरू होते ही नदी ने तटवर्ती गांव के पास कटान शुरू कर दी है। पिछले एक सप्ताह से ढोंढरी, जमालीजोत, बेला, करमहना, टेंगनहिया मानकोट, बेलवा सुल्तानजोत गांव के पास नदी कटान कर रही है। दो दिन पहले जलस्तर बढ़ने के बाद नदी ने तेजी से कटान शुरू कर दी। ढोंढरी व जमालीजोत गांव पर कटान का खतरा बढ़ गया है। गांव से मात्र 30 मीटर की दूरी पर नदी कटान कर रही है। जमालीजोत गांव के लोग कटान को रोकने के लिए नदी ने झाड़ी झंखार डाल रहे हैं। ढोंढरी गांव के पास कटान को रोकने के लिए बनाया गया तटबंध दो दिनों से नदी में समा रहा है। लगातार हो रहे कटान को रोकने के लिए ग्रामीणों ने कई बार उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन बाढ़ खंड के अधिकारियों पर कोई असर नहीं हुआ। ग्रामीणों की मानें तो कटान को रोकने के लिए प्रशासन की ओर से अब तक कोई उपाय शुरू नहीं किया गया है। शुक्रवार ढोंढरी के ग्रामीणों ने सदर एसडीएम से मिलकर कटान को रोकने की गुहार लगाई। सदर एसडीएम ने बाढ़ खंड के जिम्मेदारों से वार्ता कर कटान रोधी कार्य शुरू कराए जाने का आश्वासन दिया है। ढोंढरी गांव के पास पिछले वर्ष दो करोड़ की लागत से तटबंध बाढ़ खंड ने बनाया था।

ग्रामीणों का आरोप है कि मानक विहीन तटबंध बनाए जाने से कटान को रोक पाने में बाढ़ खंड असफल रहा। इस बार जलस्तर बढ़ने के बाद से नदी ने तटबंध पर तेजी से कटान शुरू कर दी है। तटबंध का लगभग आधा हिस्सा नदी में समा गया है।

# अयोध्या से हजारों की संख्या में पहुंचे कांवड़िए, की पुष्प वर्षा

**संवाददाता–बलरामपुर।** सावन माह के तेरस के दिन अयोध्या धाम से सरयू का जल लेकर आए कावड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। हजारों की संख्या में जैसे ही कावड़ियों का जत्था सादुल्लाह नगर के मुबारक मोड़ चौराहे पर पंहुचा तो हर–हर महादेव, बम–बम भोले के जयकारे से नगर गुंजायमान हो उठा और सादुल्ला नगर भोलेनाथ के रंग में रंग गया। जिसको लेकर नगर वासियों में अलग ही उत्साह देखने को मिला। नगर वासियों ने फूलों की वर्षा कर कांवड़ियों का स्वागत किया। कांवड़ उठाए कांवड़िए भोले बाबा की मस्ती में लीन दिखे।

अयोध्या धाम से सरयू का जल भरकर पैदल यात्रा कर आए कावड़िए जब श्री सिद्धेश्वरनाथ मंदिर परिसर में पहुंचे तो श्री सिद्धेश्वर नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता, व्यापार संघ अध्यक्ष दीप चंन्द जायसवाल के मार्गदर्शन में मंदिर के व्यवस्थापकों व सदस्यों ने कावड़ियों पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। भक्तों का हुजूम मंदिर के द्वार पर उमड़ पड़ा। जहाँ उन्हें फूल माला व रोली चंदन लगाकर सम्मानित किया गया। बताते चलें कि कावड़ यात्रा को लेकर सुबह से ही मंदिर परिसर में विशेष तैयारियां की जा रही थीं। मंदिर को रंग–बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था। कावड़ यात्रियों के स्वागत के लिए कई प्रकार की व्यवस्थाएं की गई थीं। श्रद्धालुओं को भोजन, नाश्ता, ठंडा पानी का वितरण किया गया। कावंरिया सघं के अध्यक्ष ने बताया कि यह आयोजन हर साल किया जाता है और यह श्रद्धालुओं की भक्ति और श्रद्धा का प्रतीक है। जिसमें क्षेत्र के सादुल्ला नगर, अहरौला, मद्दोभट्ठा, रंकीबदलपुर, मीरपुर, अलाउद्दीनपुर, खारिक मासूमपुर, गूमा फातिमाजोत, कम्मरपुर, मुंडामाफी, जाफरपुर, रहमतपुर, धुसवा बाजार, रामपुर अरना, भुजैनिकभार आदि क्षेत्र के हजारों की संख्या में कांवड़िया भक्त शामिल होते हैं। गूमा फातिमा के प्रधान रमेश गुप्ता ने कहा यह गर्व की बात है कि हम सभी इन भक्तों की सेवा कर सकते हैं। इनका यहां आना हम सबके लिए किसी आशीर्वाद से कम नहीं है। समारोह के अंत में सभी कांवड़ियों ने भगवान श्री सिद्धेश्वर नाथ के दर्शन किए और अपनी यात्रा की सफलता के लिए प्रार्थना की। इस आयोजन ने न केवल कावड़ यात्रियों को ऊर्जा प्रदान हुई बल्कि स्थानीय लोगों में भी एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा भी मिला। कांवरियों का जत्था श्री सिद्धेश्वर नाथ मंदिर व क्षेत्र के शिव मंदिरो पर जलाभिषेक कर देश व परिवार की खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर रमेश चंद तिवारी, विष्णु गुप्ता, दीपू जायसवाल, राम देव, जग प्रसाद गुप्ता, रमेश जायसवाल, राम बहोर वर्मा, रमेश गुप्ता, जवाहिर लाल, हनुमान शुक्ल, अरविंद, गुलाब, किशन जायसवाल, अशोक गुप्ता, राम अवध, राहुल, अवधेश गुप्ता, संतोष कुमार व आशीष गुप्ता मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी रेहरा ओपी चौहान सहित अन्य महिला व पुरुष आरक्षी तैनात रहे। श्री सिद्धेश्वर नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता ने सभी बंधुओ का तन मन धन से सहयोग करने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

# शिव मन्दिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की आस्था

**संवाददाता–गोंडा।** सावन माह की मास शिवरात्रि पर पौराणिक पृथ्वीनाथ मंदिर और गोंडा शहर के दुखहरण नाथ मंदिर कपाट खुलने से पहले ही श्रद्धालुओं की लाइनें लगने लगीं। भोर से ही महिलाओं व पुरुषों भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने बारी–बारी से जलाभिषेक किया। सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम रहा। एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत ने भी व्यवस्था का जायजा लिया। वैसे तो सावन के सोमवार को पृथ्वीनाथ मंदिर पर अपार भीड़ होती है, लेकिन शुक्रवार को मास शिवरात्रि का योग होने से भोर से पूरा मंदिर परिसर बाबा भोले के उदघोष से भक्तिमय हो गया। जलाभिषेक का कार्यक्रम पूरा दिन चला। शिवभक्तों में जलाभिषेक को लेकर काफी उत्साह रहा बाबा भोले नाथ के शिवलिंग स्पर्श को लेकर होड़ लगी रही। गर्भगृह में पुलिस की ओर से श्रद्धालुओ को जलाभिषेक के बाद आगे बढ़ने के लिए बार बार अपील करते देखा गया। उमस भरी गर्मी होने के कारण गर्भ गृह में सुरक्षा व्यवस्था के लगे पुलिस कर्मी परेशान रहे। मेला परिसर में लगे बच्चों के लिए रेलगाड़ी, झूला, जंपिंग किट आदि का बच्चों ने खूब आनंद लिया। सुरक्षा व्यवस्था में लगे खरगूपुर पुलिस, इटियाथोक पुलिस व आरपीएफ जवानों सहित प्रभारी निरीक्षक कमलकांत तिवारी से एएसपी मनोज कुमार रावत सुरक्षा को बारीकी से जानी व आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# मनबढ़ों ने दुकानदार पर किया धारधार हथियार से हमला

**संवाददाता–देवरिया।** मनबढ़ों ने एक दुकानदार पर धारधार हथियार से हमला कर मरणासन्न कर दिया। घायल दुकानदार को देवरहवा बाबा मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। दुकानदार की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मामले में अभी मुकदमा दर्ज नहीं किया है। पुलिस को तहरीर का इंतजार है। मनबढ़ों के इस कारनामें से स्थानीय दुकानदरों में रोष है।

सुरौली थाना क्षेत्र के पैकौली निवासी रमाशंकर कन्नौजिया (46) पुत्र रामधारी कन्नौजिया का सुरौली पैकौली बाजार में प्रेस व लाउंड्री की दुकान है। शाम साढ़े सात बजे को लगभग दुकान पर बैठे थे। इसी बीच पैकौली निवासी दो मनबढ़ युवक दुकान पर आए और किसी बात को लेकर उलझ गए। बातचीत के दौरान मनबढ़ों ने रमाशंकर पर धारधार हथियार से हमला कर दिया। हमले से रमाशंकर गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। आसपास के मौके पर दौड़े तो हमलावर भाग निकले। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर पंहुची पुलिस ने रमाशंकर को देवरहवा बाबा मेडिकल कालेज में इलाज के लिए भेजा। गंभीर हालत देख डाक्टरों ने रमाशंकर को भर्ती कर लिया। रमाशंकर की हालत गंभीर बनी हुई है। नाक की हड्डी टूट गई है और चेहरे और शरीर के अन्य भागों में गहरा घाव हो गया है। मनबढ़ों के इस कृत्य से दुकानदरों में रोष है।

थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि कुछ मनबढ़ों ने एक दुकानदार पर हमला किया है। मेडिकल कालेज में उसका इलाज चल रहा। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# डीएम ने औचक निरीक्षण के दौरान दो को किया पुलिस के हवाले



**संवाददाता–बलरामपुर।** डीएम ने जिले में संचालित विभिन्न विभाग के कार्यालय में दलालों के प्रवेश को रोकने के लिए शुक्रवार को अपने अभियान के तहत उपनिबंधक और डीआईओएस कार्यालय का गेट बंद कराकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां पर मौजूद बाहरी व्यक्तियों से पूछताछ की। कार्यालय में आने का उचित कारण ना बता पाने पर दो बाहरी व्यक्ति विनोद कुमार , विशाल तिवारी को पुलिस के हवाले कर दिया।

डीएम पवन अग्रवाल ने सरकारी कार्यालयों को मध्यस्थतों दलालों से मुक्त रखने एवं सरकारी कार्यालयों में जनमानस को बेहतर माहौल प्रदान किए जाने के अभियान के तहत कार्यालय उपनिबंधक तथा डीआईओएस का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उप निबंधक कार्यालय में मौजूद बाहरी व्यक्तियों से पूछताछ की एवं कार्यालय में आने का उचित कारण ना बता पाने पर दो बाहरी व्यक्ति विनोद कुमार , विशाल तिवारी को पुलिस के हवाले कर दिया। उन्होंने उप निबंधक कार्यालय में रजिस्ट्री कराने आए जनमानस से वार्ता की एवं किसी प्रकार का टोकन अथवा पैसा तो नहीं मांगा जा रहा। इसकी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अवैध वसूली पर चाहे वह कर्मचारी हो या बाहरी व्यक्ति हो उसके खिलाफ कड़ी विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करते हुए सभी पटलों के कार्यों का निरीक्षण किया एवं रजिस्ट्री, स्टांप फीस के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सहायक निबंधक को निर्देश दिया कि कार्यालय को बाहरी व्यक्तियों एवं दलालों से मुक्त रखा जाए , कोई भी कर्मचारी बाहरी व्यक्तियों दलालों के साथ कोई भी संलिप्तता नहीं रखेगा। रजिस्ट्री के लिए आने वाले लोगों का कार्य नियमानुसार सुगमता एवं सुलभता के किया जाए। जनमानस की सुविधा के लिए स्टांप फीस के बारे में पूरी जानकारी का बैनर आदि लगवाए जाने साफ सफाई की समुचित व्यवस्था अभिलेख एवं पत्रावलियों का बेहतर ढंग से रखरखाव का निर्देश दिया।

डीएसओ कार्यालय का औचक निरीक्षण, कोई भी पत्रावली लंबित न रहने के निर्देश

डीआईओएस कार्यालय का औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन एवं विभिन्न पटलो के कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि कोई भी पत्रावली लंबित न रहे सभी का प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाना सुनिश्चित किया जाए। कार्यालय परिसर में समुचित साफ सफाई रखे जाने, रंग रोगन कराए जाने अभिलेख एवं पत्रावलियों के बेहतर रखरखाव का निर्देश दिया।

# संसद में राहुल पर हुई टिप्पणी से भड़के कांग्रेसी, फूंका पुतला



**संवाददाता–महराजगंज।** संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर हुई टिप्पणी के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेसी सड़क पर उतर गए। कांग्रेस किसान नेता राजू कुमार गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निचलौल में प्रदर्शन करने के बाद भाजपा नेता अनुराग ठाकुर का पुतला फूंका। जमकर नारेबाजी करते हुए इस मामले में कार्रवाई की जरूरत जताई।

कार्यकर्ता निचलौल कैंप कार्यालय घोड़हवा से केंद्र सरकार के खिलाफ नारा लगाते हुए घोड़हवा चौराहे पर पहुंचे, जहां अनुराग ठाकुर का पुतला फूंका गया। कांग्रेस किसान नेता राजू कुमार गुप्ता ने कहा कि देश के सबसे बड़ी पंचायत संसद में सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के प्रति जिस भाषा का प्रयोग करके अपनी ओछी मानसिकता का परिचय दिया गया है, वह गलत है। सत्तापक्ष के नेताओं द्वारा विपक्ष के नेताओं के प्रति इस मानसिकता की घोर निंदा की जानी चाहिए। इस दौरान शिव शंकर पासवान जिला उपाध्यक्ष, राजाराम साहनी, जावेद अंसारी जोगिंदर भारती, कोमल भारती, सोनू, रेखा यादव, सुनीता, निर्मला आदि मौजूद रहे।

# मुआवजे को भाकियू राधे ने सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता–गोण्डा।** भारतीय किसान यूनियन राधे के बैनर तले शुक्रवार को लोगों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। मांग की कि कटराबाजार नरायनपुर कला के इसरार अहमद के साथ अन्याय हुआ है। उसे न्याय मिले, कई तहसील क्षेत्रो में दबंगो ने गरीबों की जमीनों पर कब्जा कर रखा है। बीते तीन मार्च को दुरौनी बहुवन मदार मरचौर पसका, नदौर, सकरौर, राजासिंह पुर विशुनपुर कला के किसानों की फसलें ओलावृष्टि से बर्बाद हुई थीं। पीड़ित किसानों को मुआजवा दिया जाएगा। मण्डल अध्यक्ष चंद्रभान सिंह के साथ दिनेश सिंह, अमीन, तुलसीराम, इसरार, पुत्तन, नौशाद, कृष्ण कुमार, शिवकुमार, मो आरिफ, रामसुन्दर, राजू, नीलम सिंह, प्रेमा देवी, गुल्लू,रमेश, कृपाशंकर आदि रहे।

# धान के खेत में मिला नर कंकाल ग्रामीणों को हत्या की आशंका



**संवाददाता–गोंडा।** तालाब के बगल गन्ने के खेत से सटे धान के खेत में नर कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक 20 से 25 दिन पुराना यह कंकाल है। ग्रामीणों को इस बात की आशंका सता रही है। जिले के खोडारे थाना के गांव बभनजोत के पाठानडीह में शुक्रवार की सुबह खेत का पानी सूख जाने के बाद ग्रामीणों ने धान के खेत में नर कंकाल पड़ा हुआ देखा।

ग्रामीणों के मुताबिक यह 20 से 25 दिन पुराना शव है। जो अब कंकाल में तब्दील हो गया है। उसके पहनावा से यह लगता है कि यह किसी महिला का कंकाल है। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ दिन पहले हुई भारी बरसात के कारण तालाब और खेत एक समान हो गए थे। ऐसे में आशंका व्यक्त की जा रही है। कि यह शव पानी के साथ बहकर कही से आया होगा। थानाध्यक्ष सर्वजीत गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि एक शव खेत में पड़ा हुआ है। वहां तत्काल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो नर कंकाल को खेत से बाहर निकाला गया। आसपास के लोगों से उसके पहचान की कोशिश की गई।

